**बिहार सरकार**
**खेल विभाग**

ज्ञाप सं0– GI-3009/1/2022...439.../ पटना, दिनांक–06/11/2026

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार (ले. एवं ह.),
वीरचन्द पटेल पथ,
पटना।

विषय :– बिहार खेल सम्मान समारोह–2026 के आयोजन पर होने वाले संभावित व्यय की कुल राशि ₹7,00,00,000/– (सात करोड़ रूपये) मात्र की स्वीकृति।

आदेश :– स्वीकृत।

2. राशि का विकलन वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में मांग संख्या–52 के अधीन बजट शीर्ष "2204–खेलकूद तथा युवा सेवाएँ–104–खेल–कूद–0109– खेलकूद" विपत्र कोड–52–2204001040109 के अन्तर्गत विषय शीर्ष 31–06–सहायक अनुदान–गैर वेतन मद से होगा।
3. राशि की निकासी अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, खेल विभाग, बिहार, पटना द्वारा सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से की जायेगी तथा सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना में महानिदेशक–सह–मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के नाम से संधारित पी०एल० खाता PBBPLA035 में अंतरित किया जायेगा।
4. स्वीकृत राशि का लेखा–जोखा अलग रखा जायेगा। भारत सरकार/बिहार सरकार के वित्त अंकेक्षण को स्वीकृत राशि के अंकेक्षण का अधिकार होगा। स्वीकृत राशि या उसके किसी अंश के दुरूपयोग प्रमाणित होने पर राशि वसूलनीय होगी।
5. स्वीकृत राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन ससमय खेल विभाग को विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराया जायेगा।
6. राशि की स्वीकृति संचिका संख्या–GI-3009/1/2022 के टिप्पणी भाग के पृष्ठ 100/ टि० पर सहा० आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति एवं पृष्ठ ...../टि० पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।
7. यह स्वीकृति वित्त विभाग के संकल्प सं०–12888, दिनांक–03.12.2024 में निहित प्रावधान के आलोक में दी गयी है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

6/11/26
(निरंजन कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–439.../ पटना, दिनांक–06/11/2026

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– महानिदेशक–सह–मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक (खेल), खेल विभाग, बिहार, पटना/कार्यकारी निदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना/अवर सचिव एवं व्ययन पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी–03 एवं 08/लेखा शाखा (दो प्रतियों में)/बजट सहायक/आई.टी. मैनेजर (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु), खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/11/26
सरकार के संयुक्त सचिव।